आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.04.2026 / 9:20बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा जिला के दौरे पर–फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास।

- सोलन के कथेड़ में दो सौ करोड़ रूपए से बन रहा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल–स्वास्थ्य मंत्री ने कहा–लोगों को मिलेगी आधुनिक व आपातकालीन सुविधा।

- चंबा जिला के दूरदराज क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए 22 अप्रैल से आयोजित होगा मोबाइल पासपोर्ट कैंप।

- सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम को मिली सराहना–मंडी जिला में 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया दाखिला।

- किन्नौर के शिपकी ला दर्रे से भारत–तिब्बत व्यापार पहली जून से होगा आरंभ।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज कांगड़ा ज़िला के दौरे पर रहेंगे। कल शाम ज्वालामुखी पहुँचने के बाद मुख्यमंत्री ने विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री आज फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जखबड़ में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री

सोलन के कथेड में लगभग दो सौ करोड़ रूपए से बन रहे मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल व मातृ शिशु इकाई का निर्माण कार्य अब 80 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। इस संस्थान के कार्य का औचक निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कार्य को तय समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के बनने से स्थानीय लोगों सहित अन्य राज्य के यात्रियों को भी बेहतर आधुनिक चिकित्सा व आपात कालीन सुविधा का लाभ मिलेगा।

पासपोर्ट

चम्बा जिला के दूरदराज क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय में मोबाइल पासपोर्ट कैंप की सुविधा मिलेगी। ये जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा ने बताया कि जिला वासियों को पासपोर्ट संबंधी विभिन्न सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए 22 से 24 अप्रैल तक चंबा परिधि गृह परिसर में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

निदेशालय

सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप शिमला शहर से भीड़ को  कम करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश पुलिस के संचार व तकनीकी सेवाएं निदेशालय को शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित कर दिया गया है। निदेशालय ने अब नए परिसर से पूर्ण रूप से कार्य आरम्भ कर दिया है। राज्य सरकार को इस महत्त्वपूर्ण तकनीकी और संचार अधोसंरचना को फील्ड इकाइयों के नजदीक स्थापित करने से विभिन्न ज़िलों के बीच दक्षता और समन्वय में सुधार की उम्मीद है, जिससे राज्य पुलिस को तेज निर्णय लेने, बेहतर तकनीकी सहायता और फील्ड इकाइयों द्वारा अधिक प्रभावी सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

सीबीएसई स्कूल

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने और बेहतर शिक्षा मुहैया करवाने के लिए सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इस योजना को प्रदेशभर में सराहना मिली है और स्कूलों में दाखिला बढ़ा है। मंडी जिले में भी 23 स्कूलों में अब तक 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है।

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में सीबीएसई शिक्षा शुरू करने की पहल के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। मंडी जिले के 23 सरकारी स्कूलों में प्रारंभ की गई सीबीएसई कक्षाओं में अब तक 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। जोगिंदरनगर और करसोग में प्रवेश संख्या एक हजार के पार पहुंच चुकी है, जबकि बाल वाटिका से लेकर जमा दो तक दाखिले निरंतर जारी हैं। अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूलों की ऊंची फीस से राहत मिली है और अब सरकारी स्कूलों में ही गुणवत्तापूर्ण व सुलभ शिक्षा उपलब्ध हो रही है। विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। अधिकारियों के अनुसार 30 अप्रैल तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सेक्शन भी बनाए जाएंगे। स्पष्ट है कि सुक्खू सरकार की यह पहल सरकारी शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का संकेत दे रही है।

भारत –तिब्बत व्यापार

किन्नौर जिला के शिपकी ला दर्रे से भारत –तिब्बत व्यापार पहली जून से फिर आरम्भ होगा। सिल्क रुट के माध्यम से सदियों से इस दर्रे के रास्ते भारत और तिब्बत के बीच व्यापार किया जाता था, जिसे कोरोना काल के समय से रोक दिया गया था। ये जानकारी देते हुए जनजातीय विकास मंत्री जगत नेगी ने बताया कि अब शिपकी ला में स्थापित ट्रेड सेंटर के माध्यम से भारत–तिब्बत के मध्य सीमित व्यापार आरंभ होगा। उन्होंने बताया कि अब तिब्बती संस्कृति और वहां की पशमीना जैसे बहुमूल्य वस्तुओं का व्यापार भारतीय व्यापारी ट्रेड सेंटर के माध्यम से कर पाएंगे। जगत नेगी ने उम्मीद जताई कि यदि शिपकी ला से आगे  कैलाश मानसरोवर यात्रा को भी अनुमति मिले तो यह कैलाश पर्वत तक की यात्रा के लिए सबसे नजदीकी और आसान रास्ता होग। उन्होंने कहा कि कैलाश पर्वत से तीन धर्मों के लोगों की धार्मिक भावनाएं जुड़ी है ऐसे में यह धार्मिक यात्रा शुरू होने पर हिमाचल में जरूर पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

प्राकृतिक खेती

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती अब किसानों की पहली पंसद बनती जा रही है। हमीरपुर जिला में कम वर्षा और पथरीली जमीन के बावजूद किसान ललित कालिया ने प्राकृतिक खेती के ज़रिए गन्ने की सफल खेती कर एक मिसाल कायम की है। अधिक जानकारी के साथ हमारी सहयोगी सरूपमा शर्मा।

<u>हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला में कम वर्षा और पथरीली जमीन वाले क्षेत्रों में भी अब गन्ने की खेती की जा सकती है। आम तौर पर यह अविश्वसनीय प्रतीत हो सकता है, लेकिन विकास खंड बमसन के गांव हरनेड़ के प्रगतिशील किसान ललित कालिया ने इसे संभव करके दिखाया है। पूरी तरह प्राकृतिक खेती करने वाले ललित कालिया ने मात्र 18 मरले जमीन पर गन्ना लगाकर पहले ही सीजन में लगभग 70 किलोग्राम शक्कर तैयार की है। प्राकृतिक खेती में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर चुके ललित कालिया ने कुछ वर्ष पूर्व प्राकृतिक खेती आरंभ की थी। आतमा परियोजना के अधिकारियों की प्रेरणा और प्रदेश सरकार के निरंतर प्रोत्साहन से अब गांव हरनेड़ के लगभग 52 परिवार पूरी तरह से प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। ललित कालिया ने पिछले सीजन में प्राकृतिक खेती से ही गन्ना लगाने का निर्णय लिया और इस असम्भव कार्य को सम्भव कर दिखाया।</u>

<u>तकनीकी कोर्स</u>

आयुर्वेदिक स्पा थेरेपिस्ट–पंचकर्म पाठ्यक्रम का नाम बदलकर अब पंचकर्म तकनीशियन किया जाएगा। राज्य व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण परिषद की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में कल ये निर्णय लिया गया। इस प्रस्ताव में कांगड़ा स्थित आरजीजीपीजी आयुर्वेदिक अस्पताल और छोटा शिमला स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल में सीटों की संख्या बढ़ाने के साथ ही 12 जिलों में सरकारी

आयुर्वेदिक अस्पतालों में इस पाठ्यक्रम को शुरू करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा परिषद ने बागवानी, प्राकृतिक व जैविक खेती और डेयरी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स को छह सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शुरू करने को भी मंजूरी दी है।

<u>अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है चेस्टर हिल मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका, तीन सौ करोड़ की जमीन होने का आकलन। दैनिक जागरण के अनुसार कंपनी कर्मचारी के नाम पर ली एक सौ 50 बीघा बेनामी जमीन, मनी लांड्रिंग का भी मामला।

पंचायत चुनाव पर पंजाब केसरी की सुर्खी फोरेस्ट राइट्स एक्ट के लंबित दावों वाले भी लड़ सकेंगे पंचायत चुनाव।

हिमकेयर केस में एफआईआर की तैयारी शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है विजिलेंस ब्यूरो की जांच तेज, पूछताछ को बुलाए हैल्थ सोसायटी के अफसर।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है पांच मेगावॉट से ऊपर के सोलर प्रोजैक्टों को चाहिए धारा एक सौ 18 में रियायत।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है हिमाचल के नौ शहरों का तापमान 30 डिग्री के पार, 38 डिग्री पर तपने लगा ऊना।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा जिला के दौरे पर–फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास।
- सोलन के कथेड़ में दो सौ करोड़ रूपए से बन रहा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल–स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– लोगों को मिलेगी आधुनिक व आपातकालीन सुविधा।

- चंबा जिला के दूरदराज क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए 22 अप्रैल से आयोजित होगा मोबाइल पासपोर्ट कैंप।

- सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम को मिली सराहना–मंडी जिला में 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया दाखिला।

- किन्नौर के शिपकी ला दर्रे से भारत–तिब्बत व्यापार पहली जून से होगा आरंभ।